भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †5909
सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

मंत्रालय में रिक्तियां

†5909. श्री यूसुफ पठान:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पर्यटन मंत्रालय में सभी श्रेणियों में आरक्षित पदों सहित स्वीकृत पदों की संख्या और भरे हुए पदों तथा रिक्तियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2014 से मंत्रालय और विभाग में आरक्षित पदों सहित रिक्तियों की संख्या का वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2014 से अब तक नियुक्त किए गए संविदा कर्मचारियों की संख्या का वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): रिक्तियों को भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है और रिक्तियों को विद्यमान भर्ती नियमों के अनुसार भरा जाता है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा जिन पदों के लिए भर्ती नियम बनाए गए हैं, उनके संबंध में, पर्यटन मंत्रालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा विभिन्न श्रेणियों में आरक्षित पदों सहित स्वीकृत पदों, तैनाती की स्थिति और रिक्तियों की संख्या का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, मानकीकृत, रुटीन एवं विशिष्ट कार्यकलापों के लिए कार्मिकों की आवश्यकता को सेवा प्रदाताओं के माध्यम से निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार और कार्य की आवश्यकताओं/विवरणों के आधार पर तैनाती के माध्यम से पूरा किया जाता है, जो समय-समय पर बदलते रहते हैं।

*****

अनुबंध

श्री यूसुफ पठान द्वारा मंत्रालय में रिक्तियों के संबंध में दिनांक 30.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †5909 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय द्वारा बनाए गए भर्ती नियम के तहत आने वाले पदों के संबंध में पर्यटन मंत्रालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों में विभिन्न श्रेणियों में आरक्षित पदों सहित स्वीकृत पदों, तैनाती और रिक्तियों का विवरण:

पद की श्रेणी	स्वीकृत पद	तैनाती	रिक्तियों की संख्या	सामान्य	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा.	दिव्यागंजन	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
समूह क	38	15	23	16	04	01	01	01	01
समूह ख	195	113	82	47	09	12	09	02	03
समूह ग	194	89	105	75	13	08	04	00	04

*****